# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

## गुरुवार, दिनांक 22 फरवरी, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### निजी पुस्तकालयों से पुस्तकों का क्रय

1. (*क्र. 567) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किन-किन निजी पुस्तकालयों से पुस्तकों की खरीदी वर्ष 2006-07 में की गई है ? (ख) पुस्तकालयों द्वारा कीमतों में कितनी-कितनी छूट दी गई ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2006-07 में किसी निजी पुस्तकालय से पुस्तक खरीदी नहीं की गई. (ख) शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

### वाणिज्यिक कर नाकों से होने वाली आय

2. (*क्र. 33) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कहां-कहां पर वाणिज्यिक कर नाके स्थापित किए गए हैं ? जिलेवार बतावें ? इनसे वर्ष 2005-2006 एवं चालू वित्तीय वर्ष में 31-01-2007 तक कितनी-कितनी आय हुई ? (ख) कंडिका "क" के नाकों पर स्थापना व्यय सहित अन्य मदों में वर्ष 2005-2006 एवं चालू वित्तीय वर्ष में कितना व्यय किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) वर्ष 2005-2006 में नाकों पर रुपये 9.21 लाख तथा वर्ष 2006-07 में (31-01-2007 तक) रुपये 8.59 लाख व्यय हुआ है.

### राजनांदगांव शहर में संचालित देशी एवं विदेशी शराब दुकानों की मिनीमम गारंटी राशि

3. (*क्र. 92) **श्री उदय मुदलियार :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव शहर के अंतर्गत कुल कितनी देशी एवं विदेशी शराब दुकान संचालित हैं ? (ख) संचालित दुकानों से वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितनी-कितनी मिनीमम गारंटी (एम. जी.) राशि निर्धारित की गयी ? वर्षवार, दुकानवार जानकारी देवें.

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) देशी मदिरा की 04 एवं विदेशी मदिरा की 04 दुकानें संचालित हैं. (ख) वर्षवार, दुकानवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | नाम दुकान | मिनीमम गारंटी (एम. जी.) की निर्धारित की गई राशि (रुपये में) | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | **देशी मदिरा** | | |
| 1. | नंदई मोहरा रोड | 90,16,512/- | 74,88,000/- |
| 2. | बसंतपुर | 63,72,288/- | 35,52,000/- |
| 3. | चिखली | 74,47,632/- | 53,76,000/- |

† परिशिष्ट "एक"

| (1) | (2) | | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| 4. | नया ढाबा | | 8,59,536/- | 12,00,000/- |
| | | योग | 2,36,95,968/- | 1,76,16,000/- |
| | **विदेशी मदिरा** | | | |
| 1. | सिनेमा लाईन | | 64,12,040/- | 45,97,525/- |
| 2. | पुराना बस स्टैण्ड | | 55,78,041/- | 66,76,270/- |
| 3. | नया बस स्टैण्ड | | 17,64,898/- | 47,34,705/- |
| 4. | जी. ई. रोड | | 88,45,280/- | 1,05,48,405/- |
| | | योग | 2,26,00,259/- | 2,65,56,905/- |
| | | कुल योग | 4,62,96,227/- | 4,41,72,905/- |

रायगढ़ जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति

4. (*क्र. 295) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला एकीकृत बाल विकास परियोजना में 2006-07 में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का नियुक्ति आदेश किस-किस तिथि को जारी किया गया ? कब-कब कितने लोगों ने पदभार ग्रहण किया ? (ख) अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ द्वारा उपरोक्त परियोजना में अवैध अपात्र लोगों की जांच में क्या-क्या निष्कर्ष पाया गया ? निष्कर्ष के आधार पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" अनुसार है. (ख) अपर कलेक्टर, रायगढ़ द्वारा जांच में 24 पदों पर चयन त्रुटिपूर्ण पाया गया. जांच के आधार पर नई नियुक्ति हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति

5. (*क्र. 102) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं एवं कितने आंगनबाड़ी केन्द्र प्रस्तावित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन हैं ? कितने केन्द्र किराये के या अन्य भवन में संचालित हैं ? (ग) भवन विहीन केन्द्रों को भवन की सुविधा कब तक प्रदान कर दी जायेगी ? (घ) आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को क्या-क्या सुविधा एवं सामग्री किस मापदंड से प्रदान की जाती है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) प्रश्नाधीन विधान सभा क्षेत्र के कुल वर्तमान में संचालित 275 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से कुल 233 केन्द्र किराये के या अन्य भवन में संचालित हैं, शेष के अपने भवन हैं. (ग) निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है. (घ) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के सम्बन्ध में

6. (*क्र. 459) **श्री अमरजीत भगत** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कार्यालय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर संभाग बिलासपुर में सरगुजा, कोरिया, रायगढ़, जशपुर जिले के कितने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में प्राप्त हुए ? (ख) इन प्रकरणों में कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया ?

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) कार्यालय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर संभाग बिलासपुर में सरगुजा, कोरिया, रायगढ़ एवं जशपुर जिले के वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में निम्नानुसार पेंशन प्रकरण प्राप्त हुए :-

| जिले का नाम | 2005-2006 | 2006-2007 (31-1-2007 तक) | योग |
|---|---|---|---|
| सरगुजा | 770 | 430 | 1200 |
| कोरिया | 249 | 120 | 369 |
| रायगढ़ | 577 | 394 | 971 |
| जशपुर | 256 | 200 | 456 |
| **योग** | **1852** | **1144** | **2996** |

(ख) इन प्राप्त कुल 2996 प्रकरणों में 2809 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिलेवार संख्या निम्नानुसार है :-

| जिले का नाम | 2005-2006 | 2006-2007 (31-1-2007 तक) | योग |
|---|---|---|---|
| सरगुजा | 753 | 372 | 1125 |
| कोरिया | 236 | 101 | 337 |
| रायगढ़ | 560 | 370 | 930 |
| जशपुर | 253 | 164 | 417 |
| **योग** | **1802** | **1007** | **2809** |

### बिलासपुर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायिका भर्ती में की गई अनियमितता

7. (*क्र. 143) **श्री सियाराम कौशिक** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006 में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायिका के कितने, पद कब-कब विज्ञापित किये गये एवं कब-कब चयन सूची जारी की गई ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी दी जावे ? (ख) उक्त भर्ती में किन-किन विकासखण्डों में की गई अनियमितता की शिकायत सीईओ, जिला पंचायत एवं कलेक्टर, बिलासपुर को प्राप्त हुई है और क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेण्डी) : (क) आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायिका के पद विज्ञापित नहीं किये जाते अपितु ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मंगाये जाते हैं, तद्नुसार विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है, शिकायत की जांच एवं निराकरण हेतु जांच समिति गठित की गई है.

### नगर पंचायत कसडोल में घोषणा अनुरूप निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत राशि

8. (*क्र. 601) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कसडोल प्रवास के दौरान दिनांक 03-10-2005 को तत्कालीन वित्त मंत्री द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड, सी. सी. रोड निर्माण, पेयजल व्यवस्था, पार्षद निधि, पाईप लाईन विस्तार एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में पेयजल तथा शौचालय व्यवस्था हेतु घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो शासन द्वारा कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) क्या स्वीकृत राशि से उपरोक्त कार्य प्रारंभ किये गये हैं ? यदि हां, तो जनवरी-2007 तक किन-किन कार्यों में कितनी-कितनी राशि कब-कब व्यय की गई है (ग) स्वीकृत निर्माण कार्यों में से जनवरी-2007 तक कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? कितने-अपूर्ण हैं और कब तक पूर्ण किये जायेंगे ?

† परिशिष्ट "चार"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दिनांक 03-10-2005 को कसडोल प्रवास के दौरान तत्कालीन नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री जी द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड, सी. सी. रोड निर्माण एवं तालाब गहरीकरण/सौन्दर्यीकरण संबंधी घोषणा की गई थी. प्रतीक्षा बस स्टैण्ड निर्माण हेतु रुपये 30.00 लाख एवं सी. सी. रोड निर्माण हेतु रुपये 30.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है. तालाब गहरीकरण/सौन्दर्यीकरण हेतु सरोवर धरोहर योजना अंतर्गत रुपये 11.38 लाख की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है. निकाय से भू-स्वामित्व तथा प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल के संकल्प के अभाव में राशि जारी नहीं की गई है. शेष कार्यों की घोषणा नहीं की गई थी. (ख) जी हां. व्यय राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ग) स्वीकृत निर्माण कार्यों में से सी.सी.रोड निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है प्रतीक्षा बस स्टैण्ड निर्माण कार्य वर्ष 2007 में पूर्ण कर लिया जावेगा. सरोवर धरोहर योजना के बारे में मापदंड पूरे करने पर विचार किया जाएगा.

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए दलिया खरीदी

9. (*क्र. 482) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-2007 में कुल कितना-कितना दलिया, किनसे-किनसे, किस-किस दर पर, किस आधार पर क्रय किया गया है ? (ख) क्या यह सही है कि उक्त क्रय किये गये दलिया के बदले प्रदायकर्त्ताओं को ए. पी. एल. का गेहूं प्रदाय किया गया है ? यदि हां, तो कितना-कितना, किस दर पर, किस आधार पर ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी एकत्रित की जा रही है. (ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## अवैध शराब की बिक्री/निर्माण के दर्ज प्रकरण

10. (*क्र. 45) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान जिला महासमुंद, दुर्ग, रायपुर में अवैध शराब बिक्री/निर्माण के कितने प्रकरण दर्ज किए गए ? (ख) कंडिका "क" के प्रकरणों में कितनी मात्रा में शराब और कच्चे माल की जब्ती की गई ? जिलेवार बतावें ? (ग) कंडिका "क" के प्रकरणों में कितने लोगों को 2 बार से अधिक बार अवैध शराब विक्री/निर्माण के लिए दोषी पाया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दी गई है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र- "ब" में दी गई है. (ग) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "स" में दी गई है.

## देशी-विदेशी मदिरा दुकानों से प्राप्त वाणिज्यिक कर

11. (*क्र. 380) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिला अंतर्गत 01 जनवरी, 2006 से 31 दिसम्बर, 2006 तक की स्थिति में देशी और विदेशी मदिरा से कितनी वाणिज्यिक कर की प्राप्ति हुई ? (ख) उक्त अवधि में कितनी राशि की वसूली शेष है ? बकायेदारों के नाम सहित राशि विवरण अलग-अलग बतायें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) देशी और विदेशी मदिरा से वाणिज्यिक कर प्राप्त नहीं किया जाता है, अत: जानकारी निरंक है. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## जांजगीर-नैला के रानी तालाब एवं भीमा तालाब की सफाई तथा सौन्दर्यीकरण

12. (*क्र. 57) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला द्वारा अपने पत्र क्र. 336 दिनांक 29-8-05 तथा पत्र क्र. 338 दिनांक 29-08-05 द्वारा क्रमश: रानी तालाब एवं भीमा तालाब की सफाई तथा सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा गया था ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई तथा कितनी राशि व्यय की जाकर क्या-क्या कार्य कराए गए ?

---

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छ:"

**मुख्यमंत्री,** (डॉ. रमन सिंह) : जी हां. राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा इस नगरीय निकाय को पूर्व में दो तालाबों की स्वीकृति क्रमशः बोगा तालाब को 20.33 लाख व जूना तालाब की 18.53 लाख की स्वीकृति जारी कर राशि प्रदाय की जा चुकी है. वित्तीय संसाधन सीमित होने के कारण एक ही निकाय को और स्वीकृति अभी नहीं दी गई है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

नमक क्रय हेतु जारी निविदा

13. (*क्र. 504) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किस दर पर नमक क्रय कर प्रदाय किया जा रहा है ? (ख) क्या नमक क्रय हेतु सी. एस. आई. डी. सी. अथवा विभाग द्वारा कोई निविदा जारी की गई है ? यदि हां, तो तिथि बताएं ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रति 500 ग्राम 3.50 रुपये की दर से सी. एस. आई.डी. सी. के माध्यम से आयरन फोर्टिफाईड साल्ट का क्रय किया जा रहा है. (ख) जी हां. सी. एस. आई. डी. सी. द्वारा निविदा दिनांक 1-02-2003 को जारी की गई.

आयुष्मति योजना के तहत लाभान्वित महिलाएं

14. (*क्र. 5) **श्री नंद कुमार पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सत्र 2006-07 में दिनांक 27-01-07 तक रायगढ़ जिला में शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की भूमिहीन परिवार की महिलाओं के लिए संचालित आयुष्मति योजना के तहत कुल कितनी महिलाओं को लाभान्वित किया गया है ? इलाज हेतु दी गई आर्थिक सहायता राशि की जानकारी एवं संख्या अलग-अलग विकासखण्डवार बतावें. (ख) क्या इस योजना के तहत वर्ष 2006-07 हेतु शासन द्वारा अलग-अलग जिला अथवा विकासखण्ड के लिये लक्ष्य संख्या निर्धारित की गई है ? यदि हां, तो कितनी- कितनी ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

स्तरहीन दलिया की जांच एवं कार्यवाही

15. (*क्र. 394) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को खिलाए जा रहे दलिया में भूसा एवं इल्लियां पाए जाने की कितनी शिकायतें विभाग को 2006-07 में दिनांक 31-01-07 तक प्राप्त हुई है ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार शिकायत प्राप्त होने के बाद विभाग द्वारा कितने सैम्पल लिए गए तथा कितने सैम्पल की जांच कहां कराई गई तथा जांच में कितनी शिकायत सही पाई गई ? (ग) घटिया दलिया की शिकायत की जांच में सही पाए जाने पर आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) दुर्ग जिले में प्रश्नाधीन अवधि में एक शिकायत तथा समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से भूसायुक्त दलिया मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी. (ख) शिकायत की जांच हेतु कुल 30 नमूने भारत सरकार, खाद्य एवं पोषाहार बोर्ड की मुम्बई स्थित प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे गये. जांच प्रतिवेदन अनुसार सभी नमूनों में निर्धारित मात्रा में प्रोटीन एवं कैलोरी पायी गई. इनमें से 06 नमूनों में कुछ भूसा की मात्रा पाये जाने एवं साफ कर इस्तेमाल करने तथा सभी नमूने खाने योग्य होने के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है. (ग) उक्त 06 नमूनों से संबंधित तीन बाल विकास परियोजनाओं क्रमशः पाटन, गुण्डरदेही एवं दुर्ग ग्रामीण में प्रदायित दलिया प्रदायकर्ता फर्म को वापस कर उसके स्थान पर नया दलिया प्राप्त कर परियोजना/आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्रदाय किया गया.

बिलासपुर जिले में आबकारी विभाग द्वारा पकड़े गए शराब के वाहन

16. (*क्र. 685) **श्री धर्मजीत सिंह:** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह सितम्बर, 2006 से लेकर माह जनवरी, 2007 तक जिला बिलासपुर में किसी के घर में वाहन में शराब ढुलाई करते हुए आबकारी, पुलिस एवं अन्य अधिकारियों द्वारा शराब कहां-कहां पकड़ी गई ? पकड़े गए वाहन का नाम, वाहन मालिक का नाम, उस वाहन में किस किस्म की कितनी शराब पकड़ी गई एवं क्यों पकड़ी गई एवं किस गांव, थाना क्षेत्र

† परिशिष्ट "सात"

में पकड़ी गई ? (ख) प्रश्न "क" में पूछे गये शराब में किस-किस वाहन, व्यक्ति के ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? (ग) माह सितम्बर 2006, अक्टूबर 2006, नवम्बर 2006, दिसम्बर 2006 एवं जनवरी 2007 में बिलासपुर जिले में कार्यरत शराब की देशी एवं विदेशी दुकानों (ग्रुप में) में कितनी-कितनी मात्रा में शराब का उठाव किया गया है ? शराब ग्रुप का नाम एवं उनके द्वारा उक्त अवधि में देशी, विदेशी शराब उठाने की मात्रा सहित विवरण दें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रश्नांकित अवधि में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है. पुलिस विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में दी गई है. अन्य अधिकारियों की जानकारी निरंक है. (ख) प्रश्नांश "क" से संबंधित प्रकरणों में पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में दी गई है. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में दी गई है.

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मान्यता प्रदान किये जाने के संबंध में

17. (*क्र. 34) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-2006 एवं 2006-07 में कितनी शालाओं को प्रदेश में हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी की मान्यता प्रदान की गई ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) कंडिका (क) के अनुरूप मान्यता के लिए कितने प्रकरण लंबित है तथा कब तक मान्यता दी जाएगी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2005-2006 में 154 हाईस्कूल एवं 91 हायर सेकेण्डरी तथा वर्ष 2006-07 में 114 हाईस्कूल एवं 86 हायर सेकेण्डरी संस्थाओं को मान्यता प्रदान की गई है. (ख) वर्ष 2006-07 की मान्यता के 27 प्रकरण लंबित हैं. नियमानुसार, मान्यता देने की कार्यवाही की जा रही है. समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

### रायगढ़ जिला के स्कूलों में शिक्षक की कमी

18. (*क्र. 296) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला एवं पुसौर विकासखण्ड में दर्ज छात्र संख्या के आधार पर किन-किन प्रायमरी एवं मिडिल स्कूलों में कितने-कितने शिक्षकों की कमी है ? कितने स्कूल शिक्षक विहीन एवं एक शिक्षकीय है ? स्कूलवार जानकारी दें. (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी.

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" एवं "ब" अनुसार है. (ख) शिक्षाकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है. समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

### मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की स्वीकृति

19. (*क्र. 103) **महंत रामसुन्दर दास** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में किन-किन जिलों में, किन स्थानों पर मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं ? (ख) मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अन्य विद्यालयों की तुलना में क्या-क्या अतिरिक्त सुविधाएं छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाती है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) विद्यार्थियों को इन विद्यालयों में पुस्तकों एवं पत्रिकाओं, फर्नीचर एवं उपकरणों, विज्ञान प्रयोगशाला सामग्री, खेल सामग्री एवं सूचना प्रौद्योगिकी की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है.

### रायगढ़ जिले में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी

20. (*क्र. 6) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में दिनांक 22-01-07 तक रायगढ़ जिले में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं ? कितने केन्द्र भवन विहीन हैं ? (ख) भवनविहीन केन्द्रों में कितने भवनों की स्वीकृति हो चुकी है ? निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? शेष की स्वीकृति कब तक कर दी जावेगी ? (ग) कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति नहीं हुई है तथा नियुक्ति कब तक कर दी जावेगी ?

---

† परिशिष्ट "आठ"

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रश्नाधीन अवधि तक रायगढ़ जिले में कुल 1394 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं. 527 आंगनबाड़ी में भवन स्वीकृत नहीं है. (ख) भवन विहीन केन्द्रों में कोई भवन स्वीकृत नहीं किये गये हैं, अत: शेष प्रश्नांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) 52 आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति नहीं हुई है. यथाशीघ्र नियुक्ति की जाएगी.

भवन विहीन शालाओं हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति

21. (*क्र. 144) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1336/23-3-2006 में दिये उत्तर अनुसार किन-किन भवन विहीन शालाओं के भवन में से कितने की निर्माण संबंधी स्वीकृति कब-कब दी गई है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) स्वीकृत शाला भवनों की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

विकासखण्ड कसडोल तथा बिलाईगढ़ में प्राथमिक शालाओं में रिक्त पदों की पूर्ति

22. (*क्र. 602) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्ड कसडोल/बिलाईगढ़ में प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, व्याख्याता एवं प्राचार्य के कितने पद कहां-कहां कब से रिक्त है ? स्कूलवार ग्रामवार जानकारी देवें ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है. (ख) समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

स्कूल भवनों के निर्माण में प्राप्त शिकायत की जांच

23. (*क्र. 46) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में दुर्ग, महासमुंद जिले में कितने स्कूल भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) स्वीकृत स्कूल भवनों के निर्माण एजेंसी किसके द्वारा निर्धारित की जाती है ? निर्माण की गुणवत्ता की जांच किसके द्वारा की जाती है ? (ग) क्या स्कूल भवनों के निर्माण में गुणवत्ता के अभाव होने की शिकायत प्राप्त हुई है ? अगर हां, तो क्या जांच कराई गई ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) विकासखण्डवार स्वीकृत शाला भवन निर्माण कार्यों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

(ख) 1. सर्व शिक्षा अभियान के स्कूल भवनों की निर्माण एजेंसी कलेक्टर द्वारा निर्धारित की जाती है. जनपद पंचायत/नगरीय निकाय के उप अभियंताओं के द्वारा तथा समय-समय पर जिला परियोजना कार्यालय में पदस्थ सहायक अभियंताओं द्वारा गुणवत्ता जांच की जाती है.

2. जिला पंचायत द्वारा स्कूल भवनों की निर्माण एजेंसी निर्धारित की जाती है. निर्माण की गुणवत्ता की जांच ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा की जाती है.

3. लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्कूल भवनों की निर्माण एवं गुणवत्ता की जांच विभागीय स्तर पर की जाती है.

(ग) जी हां. सर्व शिक्षा अभियान के निर्माण कार्यों के संबंध में दुर्ग जिले में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिनकी जांच कराई गई.

--------

† परिशिष्ट "नौ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्रमांक 33) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | वाणिज्यिक कर नाके का नाम एवं जिले का नाम | वर्ष 2005-2006 में शास्ति के रूप में प्राप्त आय (रुपये में) | वर्ष 2006-2007 में शास्ति के रूप में (31-01-2007 तक) प्राप्त आय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पाटेकोहरा, जिला- राजनांदगांव (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 06 पर). | 66,48,048/- | 1,11,96,225/- |
| 2. | पौढ़ी, जिला-कबीरधाम (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-12 पर) | 14,42,234/- | 7,69,651/- |
| 3. | भगतदेवरी, जिला-महासमुंद (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-06 पर) | 24,68,822/- | 10,33,916/- |
| 4. | केशलुर, जिला-बस्तर (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-16 पर) | 1,42,990/- | 5,68,210/- |
| 5. | वाड्रफ नगर, जिला सरगुजा (वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर) | 5,82,423/- | 21,54,269/- |
| 6. | लोदाम, जिला-जशपुर नगर (जशपुर-रांची रोड पर) | 13,64,190/- | 8,34,430/- |
| | योग | 1,26,48,707/- | 1,65,56,701/- |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्रमांक 295) के भाग (क) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. | विकासखंड बरमकेला में जारी नियुक्ति आदेश एवं कार्यभार ग्रहण | | |
|---|---|---|---|
| | जारी नियुक्ति आदेश क्रमांक एवं दिनांक | उक्त आदेश से चयनित कार्यकर्त्ताओं की संख्या | उक्त आदेश से चयनित सहायिकाओं की संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | आदेश क्रमांक 313/315/317/325/बरमकेला दि. 06-11-06 | 04 | 03 |
| 2. | आदेश क्र./102/बरमकेला दि. 18-01-07 | 77 | 82 |

प्रपत्र "ब"

| क्र. | पदभार ग्रहण करने की जानकारी | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कार्यकर्त्ता पद पर | | सहायिका पद पर | |
| | तिथि | संख्या | तिथि | संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | 13-11-2006 | 04 | 13-11-2006 | 03 |
| 2. | 20-01-2007 | 07 | 20-01-2007 | 06 |
| 3. | 22-01-2007 | 01 | 22-01-2007 | 01 |
| 4. | 23-01-07 | 17 | 23-01-07 | 15 |
| 5. | 24-01-07 | 05 | 24-01-07 | 07 |
| 6. | 25-01-07 | 44 | 25-01-07 | 50 |
| 7. | 29-01-07 | 01 | 29-01-07 | 01 |

# परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्रमांक 102) के भाग (क) एवं (घ) की जानकारी ]

## प्रपत्र "अ"

| क्रमांक | पामगढ़ विधान सभा के अंतर्गत आने वाले विकासखंड का नाम | पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में आने वाले केन्द्र वर्तमान में कुल संचालित केन्द्रों की संख्या | प्रस्तावित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पामगढ़ | 124 | 29 |
| 2. | नवागढ़ | 119 | 28 |
| 3. | बम्हनीडीह | 32 | 2 |

प्रपत्र "ब"

## आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को दी जाने वाली सेवाएं एवं सामग्री

1. **पूरक पोषण आहार** -
   1. सामान्य बच्चों को 80 ग्राम दलिया (प्रतिदिन)
   2. अत्यधिक कुपोषित बच्चों को 160 ग्राम दलिया (प्रतिदिन)
   3. 500 ग्राम डबल फोर्टिफाईड साल्ट (प्रतिमाह)
2. **शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा** - 3-6 आयु वर्ग के बच्चों को
3. टीकाकरण -
4. स्वास्थ्य जांच -
5. संदर्भ सेवा -

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्रमांक 143) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्रमांक | विकासखंड का नाम | पदों की संख्या | | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| | | कार्यकर्त्ता | सहायिका | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | मरवाही | 24 | 30 | 30-01-06 |
| 2. | बिलासपुर | 16 | 16 | - |
| 3. | पेण्ड्रा | 30 | 31 | 3-01-07 |
| 4. | मस्तुरी | 107 | 107 | 20-09-06, 28-09-06 |
| 5. | गौरेल्ला | 75 | 75 | 31-05-06, 30-12-06 |
| 6. | कोटा | 80 | 80 | 15-01-07, 18-09-06 |
| 7. | मुंगेली | 139 | 139 | 7-10-06 |
| 8. | लोरमी | 123 | 123 | - |
| 9. | बिल्हा | 83 | 83 | 14-06-06, 4-01-07 |
| 10. | पथरिया | 89 | 89 | - |
| 11. | तखतपुर | 90 | 90 | 31-03-06 |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक | परियोजना/विकासखण्ड का नाम जहां से अनियमितता की शिकायत सीईओ जिला पंचायत एवं कलेक्टर, बिलासपुर को प्राप्त हुई है |
|---|---|
| (1) | (2) |
| 1. | मरवाही |
| 2. | बिलासपुर |
| 3. | पेण्ड्रा |
| 4. | मस्तुरी |
| 5. | गौरेला |
| 6. | कोटा |
| 7. | मुंगेली |
| 8. | लोरमी |
| 9. | बिल्हा |
| 10. | पथरिया |
| 11. | तखतपुर |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्रमांक 601) के भाग (ख) की जानकारी ]

राशि लाखों में

| क्र. (1) | कार्य विवरण (2) | स्वीकृत राशि (3) | जारी राशि (4) | व्यय राशि (5) | व्यय का दिनांक (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रतीक्षा बस स्टैण्ड | 3000000.00 | 1200000.00 | 9450.00 | 20-02-05 |
| | | | | 17820.00 | 28-03-06 |
| | | | | 17820.00 | 08-08-06 |
| | | | | 703834.00 | 22-08-06 |
| | | | | 358200.00 | 28-10-06 |
| | | | | 102312.00 | 27-11-06 |
| | **योग** | | | **1209436.00** | |
| 2. | सी. सी. रोड निर्माण | 3000000.00 | 3000000.00 | 105676.00 | 21-02-06 |
| | | | | 302746.00 | 09-03-06 |
| | | | | 688210.00 | 28-03-06 |
| | | | | 267056.00 | 27-04-06 |
| | | | | 315295.00 | 16-05-06 |
| | | | | 294374.00 | 08-08-06 |
| | | | | 198018.00 | 15-06-06 |
| | | | | 275085.00 | 30-06-06 |
| | | | | 449997.00 | 06-07-06 |
| | | | | 108153.00 | 28-07-06 |
| | **योग** | | | **3004610.00** | |
| | **महायोग** | **6000000.00** | **4200000.00** | **4214046.00** | |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 45) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**(प्रश्नाधीन अवधि में अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण के दर्ज प्रकरणों की जानकारी)**

| क्र. | नाम जिला | वर्ष 2005-06 में दर्ज प्रकरणों की संख्या | | वर्ष 2006-07 (दिनांक 31-01-07 तक) में दर्ज प्रकरणों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अवैध शराब बिक्री के प्रकरण | अवैध शराब निर्माण के प्रकरण | अवैध शराब बिक्री के प्रकरण | अवैध शराब निर्माण के प्रकरण |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | महासमुंद | - | 227 | - | 172 |
| 2. | दुर्ग | - | 134 | - | 107 |
| 3. | रायपुर | 1 | 588 | - | 362 |
| | योग | 1 | **949** | - | **641** |

प्रपत्र "ब"

**(जब्त शराब और कच्चे माल की जिलेवार मात्रा की जानकारी)**

| क्र. | नाम जिला | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 (दिनांक 31-01-2007 तक) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | **महासमुंद** | | |
| | 1. हाथ भट्ठी शराब | 683 लीटर | 290 लीटर |
| | 2. महुआ लाहन | 3055 कि. ग्रा. | 1989 कि. ग्रा. |
| 2. | **दुर्ग** | | |
| | 1. हाथ भट्ठी शराब | 762 लीटर | 364 लीटर |
| | 2. महुआ लाहन | 1440 कि. ग्रा. | 1325 कि. ग्रा. |
| 3. | **रायपुर** | | |
| | 1. हाथ भट्ठी शराब | 8079 लीटर | 1024 लीटर |
| | 2. महुआ लाहन | 1648 कि. ग्रा. | 5320 कि. ग्रा. |
| | **कुल योग** | **9524 लीटर<br>6143 कि.ग्रा.** | **1678 लीटर<br>8634 कि.ग्रा.** |

प्रपत्र "स"

| क्र. | नाम जिला | दो बार से अधिक दोषी पाये गये व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | महासमुंद | 3 |
| 2. | दुर्ग | - |
| 3. | रायपुर | 3 |
| | कुल योग | 6 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्रमांक 05) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक | विकासखंड/परियोजना | लाभान्वित महिलाओं की संख्या | योजनान्तर्गत दी गयी आर्थिक सहायता राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पुसौर | 143 | 23545.00 |
| 2. | सारंगढ़ | 01 | 493.00 |
| 3. | बरमकेला | 41 | 11829.00 |
| 4. | खरसिया | 10 | 8601.00 |
| 5. | घरघोड़ा | 14 | 2260.00 |
| 6. | तमनार | 34 | 2891.00 |
| 7. | लैलूंगा | 20 | 9816.00 |
| 8. | धर्मजयगढ़ | 38 | 13862.00 |
| 9. | रायगढ़ (ग्रा.) | 72 | 27372.00 |
| 10. | जिला कार्यालय | 73 | 33646.00 |
| | योग | 446 | 134315.00 |

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्रमांक 103) के भाग (क) की जानकारी ]

शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला की सूची जिन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किये गये हैं

| क्र. (1) | जिले का नाम (2) | स्थान (3) | शाला का नाम (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | रायपुर | प्रो. जयनारायण शा. बहु. उ. मा. शा. रायपुर |
| 2. | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | शा. बहु. उ. मा. शा. अम्बिकापुर |
| 3. | रायगढ़ | रायगढ़ | शा. नटवर बहु. उ. मा. शा. रायगढ़ |
| 4. | बिलासपुर | बिलासपुर | शा. बहु. उ. मा. शा. बिलासपुर |
| 5. | दुर्ग | दुर्ग | शा. बहु. उ. मा. शा. दुर्ग |
| 6. | धमतरी | धमतरी | शा. बालक आदर्श उ. मा. वि. धमतरी |
| 7. | कोरबा | बालको कोरबा | शा. बालक आदर्श उ. मा. वि. बालको कोरबा |
| 8. | महासमुन्द | महासमुन्द | शा. बालक आदर्श उ. मा. वि. महासमुन्द |
| 9. | राजनांदगांव | राजनांदगांव | शा. बहु. उ. मा. शा. राजनांदगांव |
| 10. | कांकेर | लखनपुरी | शा. बालक आदर्श उ. मा. वि. लखनपुरी |
| 11. | जगदलपुर | जगदलपुर | शा. बहु. उ. मा. शा. जगदलपुर |
| 12. | जशपुर | जशपुर | शा. बालक आदर्श नवीन शा. उ. मा. वि. जशपुर |
| 13. | कबीरधाम | कबीरधाम | स्वामी करपात्री महा. बालक आदर्श शा. उ. मा. वि. कबीरधाम. |
| 14. | जांजगीर | जांजगीर | शा. बालक आदर्श उ. मा. वि. जांजगीर |
| 15. | कोरिया | कोरिया | शा. आ. रा. बालक आदर्श उ. मा. वि. बैकुन्ठपुर |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 46) के भाग (क) की जानकारी ]

जिला दुर्ग

| वि.ख. का नाम | सर्व शिक्षा अभियान 2005-06 | | | सर्व शिक्षा अभियान 2006-07 | | | जिला पंचायत 2005-06 | | | | लोक निर्माण विभाग 2005-06 | | | लोक निर्माण विभाग 2006-07 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | योग | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | योग | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | अति. कमरा | योग | हाई स्कूल | हायर सेके. | योग | हाई स्कूल | हायर सेके. | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) |
| बालोद | 06 | 06 | 12 | 00 | 06 | 06 | 00 | 00 | 02 | 02 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| डी. लोहारा | 13 | 06 | 19 | 01 | 27 | 28 | 00 | 01 | 00 | 01 | 03 | 03 | 06 | 01 | 00 | 01 |
| दुर्ग | 28 | 06 | 34 | 06 | 28 | 34 | 00 | 00 | 04 | 04 | 04 | 04 | 08 | 02 | 00. | 02 |
| गुंडरदेही | 07 | 08 | 15 | 00 | 11 | 11 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 02 | 00 | 02 | 02 |
| गुरूर | 14 | 07 | 21 | 00 | 07 | 07 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| पाटन | 16 | 05 | 21 | 01 | 17 | 18 | 00 | 00 | 16 | 16 | 05 | 02 | 07 | 00 | 00 | 00 |
| धमधा | 08 | 07 | 15 | 00 | 26 | 26 | 00 | 00 | 10 | 10 | 04 | 02 | 06 | 04 | 01 | 05 |
| बेमेतरा | 16 | 06 | 22 | 03 | 47 | 50 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 03 | 06 | 00 | 00 | 00 |
| बेरला | 25 | 07 | 32 | 00 | 17 | 17 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 03 | 05 | 01 | 01 | 02 |
| साजा | 12 | 04 | 16 | 01 | 30 | 31 | 00 | 00 | 00 | 00 | 10 | 04 | 14 | 01 | 00 | 01 |
| नवागढ़ | 25 | 05 | 30 | 04 | 51 | 55 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 02 | 03 | 00 | 00 | 00 |

टीप :- जिला पंचायत द्वारा वर्ष 2006-07 में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला हेतु स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई.

## जिला महासमुन्द

| वि.ख. का नाम | सर्व शिक्षा अभियान 2005-06 | | | सर्व शिक्षा अभियान 2006-07 | | | जिला पंचायत 2005-06/2006-07 | | | | लोक निर्माण विभाग 2005-06 | | | लोक निर्माण विभाग 2006-07 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | योग | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | योग | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | अति. कमरा | योग | हाई स्कूल | हायर सेके. | योग | प्राथ. शाला | उच्च. प्रा. शाला | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) |
| महासमुन्द | 04 | 08 | 12 | 05 | 22 | 27 | - | - | - | - | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| बागबाहरा | 07 | 08 | 15 | 06 | 10 | 16 | - | - | - | - | 03 | 01 | 04 | 00 | 00 | 00 |
| पिथौरा | 07 | 08 | 15 | 03 | 38 | 41 | - | - | - | - | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| बसना | 04 | 08 | 12 | 03 | 18 | 21 | - | - | - | - | 03 | 01 | 05 | 00 | 00 | 00 |
| सराईपाली | 02 | 08 | 10 | 01 | 11 | 12 | - | - | - | - | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 |